तापमान

अधिकतम 31.1 डिग्री
न्यूनतम 9.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 24 फरवरी 2026

12 ग्रामीणों को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता की जानकारी ..



12 बच्चों को बचपन से ही धर्म व आध्यात्म ...



**खबर संक्षेप**

## दूध लेने गए तीन दोस्तों पर रॉड से हमला

**यमुनानगर।** बूडिया के तेलीयान मोहल्ला में डेयरी पर दूध लेने गए तीन दोस्तों पर बाइकों पर सवार होकर आए युवकों ने रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दुकान से जूते व कपड़े चोरी, मामला दर्ज

**यमुनानगर।** उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव हैदरपुर निवासी कबीर ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के ऋषि राम अस्पताल के नजदीक कपड़े की दुकान है। 21 फरवरी की रात को नौ बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। तड़के करीब साढ़े चार बजे उसे सूचना मिली थी कि उसकी दुकान का शटर खुला पड़ा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। इस दौरान दुकान से 40 जोड़े जूते, 50 जींस, 25 शर्ट, 40 लोअर, 30 टीशर्ट, 15 ट्रैकसूट आदि गायब मिले। जिनकी कीमत करीब 90 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पुलिस ने 25 हजार का इनामी लुटेरा पकड़ा

**पानीपत।** बिहार के लखीसराय जिले के हलसी थाना में दर्ज लूट के तीन मामलों में वांछित 25 हजार के इनामी आरोपी अंकित निवासी गांव प्रतापगढ़ जिला लखीसराय को पानीपत व बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को महराणा गांव के पास से गिरफ्तार किया है। डीएसपी हेडक्वर्टर सतीश वत्स ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि बिहार पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित पर वर्ष 2025 में बिहार के लखीसराय जिले के हलसी थाना में लूट की वारदातों के तीन मामलें दर्ज है। वहीं, आरोपी अंकित तीनों मामलों में फरार चल रहा था। इधर, अंकित की गिरफ्तारी पर बिहार पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

## साइबर ठगों को बैंक खाते की जानकारी देने पर धरे

**पानीपत।** थाना साइबर क्राइम की टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को रविवार को राजस्थान के डिडवाना जिले के चारनवास गांव के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राजस्थान के डिडवाना जिले के चारनवास गांव निवासी सुरेश व कमल के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम थानेदार अजय ने बताया कि थाना साइबर क्राइम में नरेश की शिकायत पर बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अभियोग दर्ज है।

## हादसे में ट्रक चालक और खलासी घायल

**पानीपत।** रोहतक हाईवे पर गांव शाहपुर के पास जीटी रोड पर सोमवार सुबह यमुनानगर से राजस्थान जा रहे एक ट्रक ने नींद की झपकी आने के कारण लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर, राहगिरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जबकि इसराना थाना पुलिस को ट्रक को इंपाउंड कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पानीपतः घर से लाखों के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 18 में किराये के मकान में रह रहे सोनू के घर से चोरों ने रविवार सुबह सोने व चांदी से बने जेवर चोरी कर लिए। इधर, सोनू की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। वहीं एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल जांचा। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जगाधरी में वारदात, शव भगीरथ कॉलोनी के कच्चे रास्ते में मिला

# फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर के सिर पर ईंट से वार कर हत्या

**शव के पास से बरामद हुई ईंट व रोड़े, मृतक के सिर व मुंह से बह रहा था खून**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जगाधरी की भगीरथ कॉलोनी में मेटल फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की ईंटों से सिर व मुंह पर वार कर हत्या कर दी गई। शव जगाधरी के गुप्ता पैलेस के पीछे भगीरथ कॉलोनी के कच्चे रास्ते में पड़ा मिला। जांच के दौरान पुलिस को शव के पास से ईंट व रोड़े बरामद हुए हैं। मृतक के सिर व मुंह से खून बह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की मधुबन कॉलोनी निवासी भूषण लाल ने शहर जगारी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 46 वर्षीय राकेश उर्फ बबला शहर की दुर्गा गार्डन स्थित मेटल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह अक्सर काम के सिलसिले में रात को घर नहीं लौटता था। 21 फरवरी की रात भी वह घर नहीं आया। 22 फरवरी सुबह करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसी ने सूचना दी कि गुप्ता पैलेस के पीछे भगीरथ कॉलोनी के कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही वह परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। जांच करने पर शव राकेश का था। उसके सिर व मुंह से खून बह रहा था। पास में ईंट और रोड़े भी पड़े मिले। परिजनों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने राकेश के साथ मारपीट कर सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



मृतक राकेश

मारपीट के बाद हत्या के आरोप आरोपित गिरफ्त से बाहर

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

■ पति से परेशान होने पर उठाया कदम

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव रामगढ़ माजरा में महिला ने अपने पति से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने अपने जीजा पर उसकी बहन को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खानपुर निवासी प्रिंस कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पूनम की शादी गांव रामगढ़ माजरा निवासी जगतार सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही जगतार सिंह उसकी बहन को परेशान करता था। उसकी बहन ने उन्हें कई बार इस बारे बताया। उन्होंने आरोपी जगतार सिंह को कई बार समझाने का प्रयास किया। कुछ दिन ठीक रहने के बाद आरोपी फिर से उसकी बहन को परेशान करने लगता। 21 फरवरी को रात पौन नौ बजे उन्हें सूचना मिली थी कि उसकी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। जिससे उसकी तबीयत खराब है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। इस दौरान उसकी बहन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आगजनी के कारण हाइवे पर लगा जाम, पुलिस ने खुलवाया

# हाइवे पर चलती कार में लगी आग चालक ने भागकर बचाई जान

**हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जगाधरी हाईवे पर रविवार रात एक चलती कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। हादसा देर रात हुआ। देखते ही देखते कार धूं-धूं कर जल उठी और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। चालक ने समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ। अंबाला के रहने वाले कार ड्राइवर ने बताया कि वह रविवार रात अंबाला से जगाधरी की ओर जा रहा था।



**अंबाला।** हाइवे पर कार में लगी आग।

जैसे ही वह हाईवे पर एक निजी होटल के समीप पहुंचा तो उसे कार के बोनट से धुआं निकलता दिखाई दिया। उसने तुरंत गाड़ी को किनारे खड़ा किया और नीचे उतर गया। उसके उतरते ही पूरी कार आग की चपेट में आ गई। चालक ने कहा कि अगर कुछ सेकंड की भी देरी होती तो उसकी जान जा सकती थी। कार में आग लगने से हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शी राजेश ने बताया कि चालक की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से जली हुई कार को सड़क किनारे करवाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है।

# नेशनल हाइवे-44 पर कारों से लदे कंटेनर ट्रक में आग, कैबिन जला

■ समय रहते आग पर पाया काबू, नई गाड़ियां सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

करनाल जिले में नेशनल हाईवे-44 पर कारों से लदे एक कंटेनर ट्रक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसा उस समय हुआ जब ट्रक चेन्नई से नई गाड़ियां लेकर करनाल स्थित शोरूम के बाहर पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक संवरलाल जैसे ही वाहन खड़ा कर गेट की ओर बढ़ा, तभी कैबिन से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते केबिन आग की लपटों में घिर गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। मौके पर



**करनाल।** नेशनल हाइवे-44 पर कंटेनर ट्रक के कैबिन में लगी आग पर काबू पाती दमकल टीम। फोटो : हरिभूमि

मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब 5 से 10 मिनट में दमकल की गाड़ी पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि कंटेनर में लदी निसान मोटर और रिनोल्ट कंपनी की नई गाड़ियां सुरक्षित बच गईं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। चालक ने बताया कि यदि आग चलते ट्रक में लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि पीछे डीजल टैंक और कंटेनर में लदी गाड़ियां भी चपेट में आ सकती थीं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चोरों ने दो घरों से चुराए लाखों रुपये के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर 45 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव



हरनौल निवासी शिक्षा देवी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 फरवरी को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर में रखी अलमारी से 40 हजार रुपये, सोने का हार, कानों के कुंडल व चांदी के जेवर गायब मिले। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, व्यासपुर निवासी विश्वास शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने 18 फरवरी की रात को उसके घर के कमरे का ताला तोड़कर लकड़ी बॉक्स से एल्युमिनियम, कॉपर प्लेट, तांबे के बर्तन, 25 ग्राम चांदी व करीब पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुरुक्षेत्र में शार्ट सर्किट से घर में जला सामान

**फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

गांव गादली में सोमवार सुबह करीब 10 बजे मोहित कुमार पुत्र ईशम सिंह के घर में बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे घर का सारा सामान जल कर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया और आस पड़ोस में होने वाले हादसे से बचाव किया। इस घटना में मोहित कुमार के घर का सारा सामान फ्रिज, कूलर, लकड़ी की अलमारी, डबल बेड, कपड़ों की पेटी आदि जल कर राख हो गया और कमरे में रखी अनाज की टंकी की गेहूं भी जल कर खराब हो गई। मोहित कुमार ने बताया कि उनके



**कुरुक्षेत्र।** जले सामान एकत्र करते हुए।

घर में नगद 30 हजार रुपये और जेवरात भी आग में जल गए। इस दौरान जरनैल सिंह, कुलवंत सिंह, संदीप सौदे, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, बूटा राम, मिलन कुमार, राम कुमार सरोहा, ईशम सिंह, रामचंद्र, धन्ना राम, सतपाल, बंटी, दीपक सरोहा, गुलशन कुमार एवं अन्य गांववासियों ने मिल कर फायर ब्रिगेड की टीम के साथ आग बुझाने में सहयोग किया।

### पूजा सामग्री विसर्जन के दौरान डूब गए थे दो सगे भाई

# पश्चिमी यमुना नहर में डूबे दूसरे भाई आर्यन का भी शव बरामद

**बड़े भाई उदय का शव रविवार को हुआ था बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बूडिया के पास पश्चिमी यमुना नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने के दौरान डूबे दो सगे भाइयों में से दूसरे भाई आर्यन का शव सोमवार को बाड़ी माजरा पुल के पास से बरामद हुआ। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला।

पांच दिन पानी में रहने के बाद शव पूरी तरह से गल चुका था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पानी में डूबे बडे भाई उदय का शव रविवार को हमीदा हेड से बरामद हुआ था। दोनों शव मिलने से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लोगों को शहर के बाड़ी माजरा पुल के पास पानी में एक शव तैरता दिखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला। जांच करने पर शव आर्यन का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। सिविल अस्पताल के शव गृह में आर्यन के बडे भाई उदय का शव भी रखा हुआ था। उदय का शव रविवार को हमीदा हेड से बरामद हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**नहर किनारे मिली थी बाइक और चप्पल**

भगवानगढ़ निवासी उदय और आर्यन 17 फरवरी की शाम पूजा सामग्री विसर्जित करने घर से निकले थे। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। 18 फरवरी को बूडिया के पास नहर किनारे उनकी बाइक खड़ी मिली और पास ही चप्पल पड़ी हुई थी। जिसके बाद उनकी नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही थी। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाने पर पांच-छह दिन बाद उनके शव मिले।

# चोरी कर भाग रहा युवक जख्मी, पुलिस को सौंपा

**रिहायशी भवन में चोरी करते समय आरोपी के नीचे गिरने से चोटें आईं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के बलदेव नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के मकान से चोरी की वारदात सामने आई है। मकान मालिक ने मौके पर ही एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वीटा कॉलोनी के रहने वलो सर्वजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीटा मिल्क प्लांट में नौकरी करता है। उसने फेस नंबर 1, जग्गी कॉलोनी मकान नंबर 53 खरीदा हुआ है, जहां इन दिनों रिपेयर का काम चल रहा है। सर्वजीत के अनुसार, एक दिन पहले उसके मकान से बाथरूम की टोंटियां, शावर, ड्रिल मशीन और दो गीजर चोरी हो गए थे। सुबह जब वह अपने मकान पर गया, तो देखा कि ताला टूटा हुआ था और अंदर से बिजली की फिटिंग व तारें उखाड़ी गई थीं। सर्वजीत ने बताया कि जब वह अपने सामान की तलाश कर रहा था तभी उसने एक व्यक्ति को चोरी का सामान लेकर जाते देखा। पकड़ने की कोशिश करने पर वह व्यक्ति मकानों की छतों से कूदकर भागने लगा, लेकिन गिरने से घायल हो गया। पड़ोसियों की मदद से उसे काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गौतम वासी डेहा कॉलोनी बताया। सर्वजीत सिंह की शिकायत पर पुलिस चौकी बलदेव नगर इंचार्ज एसआई रमेश कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

## केयू के 7 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे.हर्ष का विषय है कि केयू के 7 विद्यार्थियों को चयन प्रतिष्ठित कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में हुआ है। इस अवसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। केयू प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि केयू में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए दो वर्ष और एमबीए पांच वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों में एमबीए के 7 विद्यार्थी शामिल हैं जिन्हें 4.5 लाख रुपए का सालाना पैकेज दिया जाएगा। प्रतिष्ठित कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल में चयनित विद्यार्थियों में सुनैना, नीरज, चाणक्य, कृतिका, हरदीप, याशिका, खुशहाल शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से केयूसीटीआईई ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट गतिविधियाँ विद्यार्थियों के रोजगार अवसरों को सुदृढ़ करती हैं तथा उद्योग एवं शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देती हैं।

# यमुनानगरः रसूलपुर जंगल से खैर के 12 पेड़ चोरी

**पेड़ों की कीमत करीब 80 हजार रुपये**

■ पुलिस ने एक आरोपी को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर के जंगल से खैर तस्करों ने खैर के 12 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। चोरी हुए खै के पड़ों की कीमत करीब 80 हजार रुपये है। पुलिस ने वन राजिक अधिकारी की शिकायत पर एक खैर तस्कर को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वन विभाग साढौरा में तैनात वन राजिक अधिकारी रामकुमार ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को सुबह साढ़े पांच बजे उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्करों ने गांव रसूलपुर के जंगल से खैर के पेड़ काट कर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान जंगल से खैर के 12 पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 80 हजार रुपये है। जांच करने पर उसे पता चला कि यह खैर के पेड़ प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव जाटांवाला निवासी यासीन ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर काटे हैं। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी यासीन को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पंचकूला में इनफोर्समेंट ब्यूरो में तैनात था

# हादसे में सिपाही अवतार की दर्दनाक मौत राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

पंचकूला में तैनात सिपाही अवतार सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। यहां स्थित उनके पैतृक गांव कराधान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अवतार सिंह इन दिनों डेप्यूटेशन पर इनफोर्समेंट ब्यूरो में तैनात थे। पुलिस के सिपाही अवतार सिंह को उनके पुत्र जशनदीप सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में उनके पिता मंगल सिंह, माता रंजीत कौर, पत्नी गुरप्रीत कौर, भाई जागताश सिंह, बहन रजिंद्र व बलजिंद्र, बेटी सिमरन कौर सहित परिवारजन, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी तथा गांव के लोग उपस्थित रहे। पंचकूला पुलिस की टुकड़ी ने निरीक्षक पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में शोक सलामी दी। वेलफेयर इंस्पेक्टर राजीव रंजन एवं एचएचओ इनफोर्समेंट पंचकूला सतीश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिपाही अवतार सिंह का जन्म 15 जनवरी 1977 को जिले के समालखा गांव में हुआ था। 12वीं की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात वे सेना में भर्ती हुए। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 28 जुलाई 2014 को हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती होकर सेवाएं दे रहे थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो नवदीप सिंह विर्क ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के साथ-साथ पुलिस बल के लिए भी बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



सिपाही अवतार सिंह का फाइल फोटो।



**अंबाला।** सिपाही अवतार सिंह को पुलिस की टुकड़ी सलामी देती हुई।

## खबर संक्षेप

### 31 मार्च तक चलेगा आयुष्मान भारत कैंप पखवाड़ा



**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा आम लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड का लाभ देने के लिए गत सात फरवरी से 31 मार्च तक आयुष्मान भारत कैम्प पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिन लाभार्थियों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड व वय वंदना कार्ड नहीं बनवाया है। उनके लिए सरकार द्वारा एक अवसर दिया गया है। ताकि वे जल्द से जल्द अपना आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड व वय वंदना कार्ड बनवा सकें। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए वय वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिसके माध्यम से लाभार्थी पांच लाख रुपये तक का ईलाज मुफ्त में ले सकता है। यह योजना केवल प्राथमिक चिकित्सा तक सीमित नहीं है। इसमें हृदय संबंधी सर्जरी जैसे बायपास, एंजियोप्लास्टी, डायलिसिस जैसे किडनी रोग, कैंसर के ईलाज किमोथैरेपी, रेडिएशन जैसे लगभग 1600 बीमारियां कवर होती हैं।

### डाक कावड़ियों ने किया भंडारे का आयोजन



**रादौर।** कस्बा रादौर के गांव मसाना रांगडान में सोमवार को डाक कांवड़ियों की द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व आयोजित हवन यज्ञ में ग्रामीणों ने आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर सरपंच दीप चंद ने बताया कि गांव में आयोजित धार्मिक आयोजनों में सभी ग्रामीण बढ़ चढ़कर भाग लेते है।यह भंडारा गांव की सुख समृद्धि के लिए किया जाता है। ग्रामीण तनमनधन से अपना सहयोग करते है। जिससे ग्रामीणों में सौहार्द की भावना उत्पन्न होती है। इस अवसर पर सरपंच दीप चंद, पंच अमनदीप, नंबरदार रमेश चंद, भगत महिंद्र, संजीव कुमार, राम सिंह, नीरज, कृष्ण लाल, बख्शीस, राहुल, साहिल, विक्की, सुरेश, मांगा, गगन, सोनू, विपिन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### विश्व स्तर पर सेवा कर रहा है रेड क्रॉस: डॉ अरोड़ा

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर की विधिवत शुरुआत हुई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एवं की-नॉटस्पीकरडॉ सुनील कुमार जनरल सेक्रेटरी भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा एवं सैंट जॉन एम्बुलेंस रहे। अति-विशिष्ट मेहमान के तौर पर गौरव राम करण सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत, डॉ पूजा सिंघल रक्त आधान अधिकारी रेड क्रॉस पानीपत, हरमेश चंद जिला प्रशिक्षण अधिकारी पानीपत और कला ने कार्यक्रम में शिरकत की। वहीं, 27 फरवरी तक चलने वाला पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पानीपत जिले के 16 कॉलेज के 150 से अधिक कार्यकर्ता और काउंसलर भाग ले रहे है।

### सनातन संस्कृति में है देश की आत्मा: नवीन

**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि जागरूक समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। जब समाज संगठित, संस्कारित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तभी राष्ट्र उन्नति के शिखर को स्पर्श करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उसकी सनातन संस्कृति में निहित है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ ने एक शताब्दी में सेवा, संगठन और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र जीवन के विविध क्षेत्रों में सकारात्मक भूमिका निभाई है।

---

### नगराधीष पीयूष गुप्ता ने शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

# अधिकारी लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से करें समाधान: गुप्ता

**जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन, सात शिकायतें हुई प्राप्त, सोमवार व वीरवार को होंगे आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीष पीयूष गुप्ता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए।

नगराधीष पीयूष गुप्ता बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का तत्परता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को समाधान शिविर में सात शिकायतें आई हैं। जिनमें खदरी निवासी चमन लाल ने पंचायती रास्ता खुलवाने बारे, जगाधरी निवासी छवि मेहता ने सिवरेज की पाइप लाइन डलवाने बारे, फतेहपुर निवासी सुरेश कुमार ने नजायज कब्जा हटवाने बारे, मॉडल टाउन निवासी अशोक कुमार ने अवैध अतिक्रमण हटवाने बारे, प्रोफेसर कॉलोनी वासियों द्वारा सीवरेज लाइन ठीक करवाने बारे व यमुनानगर निवासी सुनीता देवी ने अवैध कब्जा हटवाने बारे समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया गया। शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास समाधान के लिए भेज दिया गया। नगराधीश ने शिविर में सभी विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर आई सभी समस्याओं का त्वरित समाधान होना चाहिए। किसी भी समस्या की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने शहर में जारी सभी विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था और आवारा पशुओं जैसे जरूरी कार्यों की मौके पर समीक्षा कर जल्द कार्य पूरे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर इस अवसर पर समाधान शिविर के विशेष सदस्य खरैती लाल बतरा, नीरज गुप्ता व अन्य विभागों के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश पीयूष गुप्ता।

#### सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे शिविर

नगराधीष पीयूष गुप्ता ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों के आयोजन में अब सरकार द्वारा बदलाव किया गया है। अब यह समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके।

---

# पोल्ट्री फार्म निर्माण को बंद के लिए दिया धरना



**यमुनानगर।** गांव पलाका में धरना देते हुए ग्रामीण।

- ग्रामीणों ने पोल्ट्री फार्म को गांव में हरगिज नहीं बनने देने की चेतावनी
- प्रदर्शनकारियों ने सरकार से की समय रहते पोल्ट्री फार्म के निर्माण कार्य को बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव पलाका में कथित रूप से लगभग ढाई एकड़ में बनाए जा रहे पोल्ट्री फार्म के निर्माण कार्य को बंद करवाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आठवें दिन सोमवार को भी धरना प्रदर्शन किया। गांव के सैकड़ों लोगों ने धरना कमेटी के प्रधान एवं पूर्व सरपंच जागीर सिंह के नेतृत्व में नारेबाजी की और प्रशासन से पोल्ट्री फार्म को तुरंत बंद करवाए जाने की मांग की।

सोमवार को भी रोज की तरह सैंकड़ो ग्रामीण धरना प्रदर्शन कमेटी के प्रधान एवं पूर्व सरपंच जागीर सिंह के नेतृत्व में धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना स्थल पर ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन प्रधान परमजीत सिंह पम्मी, सरपंच दीप चंद मसाना रांगडान, सरपंच बसेसर बावा अंटावा, सरपंच नर सिंह खेड़ी लक्खा सिंह, सरपंच परमजीत सिंह पम्मा, सरपंच शिवकुमार बसंतपुरा आदि ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के संघर्ष का समर्थन किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि ब्लॉक के सरपंच उनके इस संघर्ष में उनके साथ हैं। ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अवैध रूप से पोल्ट्री फार्म बनाए जाने के मामले को लेकर पूरा गांव एक है। गांव में कोई भी व्यक्ति पोल्ट्री फार्म बनाए जाने के पक्ष में नहीं है। गांव में पोल्ट्री फार्म बनने से लोगों को प्रदूषण के कारण भयंकर बीमारियों का सामना पड़ सकता है। वहीं, इससे ग्रामीणों को दूषित जल की समस्या का भी सामना करना पड़ेगा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने गांव में पोल्ट्री ्रफार्म बनाए जाने का विरोध करने का निर्णय लिया है।

---

# एरिया सभा में पेंशनर्स का होगा सत्यापन

- मेयर सुमन बहमनी ने लाडो लक्ष्मी योजना, बुढ़ावा व विधवा पेंशन के लाभार्थियों के लिए प्रत्येक वार्ड में सभा कर दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** कार्यालय में सत्यपान सभाओं की जानकारी देते हुए मेयर सुमन बहमनी *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना, बुढ़ापा पेंशन व विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए प्रत्येक वार्ड में एरिया सभाओं का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस बार ऐरिया सभाओं का आयोजन 25 और 26 फरवरी को किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय हरियाणा से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नगर निगम द्वारा 25 और 26 फरवरी को एरिया सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें उनकी वेरिफिकेशन की जाएगी। जो लाभार्थी वेरिफिकेशन से वंचित रह गए थे। उनके लिए शहर के प्रत्येक वार्ड में एरिया सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से सभी लाभार्थी अपनी वेरिफिकेशन करवा सकते हैं।

#### इन वार्डों में आयोजित होंगी जनसभाएं

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि 25 फरवरी को वार्ड एक में सामुदायिक केंद्र गुलाब नगर व तेली माजरा। वार्ड 2 में डीडी अग्रवाल स्कूल जगाधरी। वार्ड 3 में सामुदायिक केंद्र मुकारबपुर। वार्ड 4 में आर्य कन्या स्कूल बुड़िया चौक व सामुदायिक केंद्र बुड़िया। वार्ड 5 में राजा वाला मंदिर कल्याण नगर। वार्ड 6 में गुरु रविदास मंदिर दुर्गा गार्डन। वार्ड 7 में सामुदायिक केंद्र सेक्टर 17 व सामुदायिक केंद्र सेक्टर 18। वार्ड 8 में यमुना क्लब मॉडल टाउन। वार्ड 9 में बजरंग भवन मॉडल कॉलोनी। वार्ड 10 में शीतल गिरी विद्या मंदिर स्कूल शांति कॉलोनी, त्रिमूर्ति आश्रम गली नंबर 5 आजाद नगर। वार्ड 11 में सामुदायिक केंद्र दड़वा। वार्ड 12 में खेड़ा मंदिर तीर्थ नगर व सामुदायिक केंद्र पांसरा। वार्ड 13 में गढ़वाली धर्मशाला जम्मू कॉलोनी। वार्ड 14 में सामुदायिक केंद्र पुराना हमीदा। वार्ड 15 में नगर निगम कार्यालय फव्वारा चौक व शिव मंदिर लाजपत नगर। वार्ड 16 में गांधी नगर पार्क। वार्ड 17 में योगा हाल कैंप पार्क व एमसी धर्मशाला मेन बाजार कैंप। वार्ड 18 में अपना मंच पार्क फरकपुर । वार्ड 20 में एमसी सामुदायिक केंद्र। वार्ड 21 में भगवान परशुराम धर्मशाला व शर्मा चक्की राजीव गार्डन के सामने पार्षद कार्यालय। वार्ड 22 में वाल्मीकि धर्मशाला गोल्डनपुरी में जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 26 फरवरी को वार्ड एक में सामुदायिक केंद्र भटौली। वार्ड 2 में डीडी अग्रवाल स्कूल जगाधरी। वार्ड 3 में सामुदायिक केंद्र ऊधमगढ़ व मानकपुर। वार्ड 4 में आर्य कन्या स्कूल बुड़िया चौक। वार्ड 5 में राजा वाला मंदिर कल्याण नगर व सामुदायिक केंद्र भारत सेवक नगर। वार्ड 6 में गुरु रविदास मंदिर दुर्गा गार्डन में एरिया सभा आयोजित होगी।

---

# सरकार की नीतियों के खिलाफ एचएसईबी वर्कर्स का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

बिजली निगम रादौर में केंद्रीय एचएसईबी वर्कर युनियन का धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरने में कर्मचारियों ने सरकार की तानाशाही नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान प्रवेश सैनी ने की।

मौके पर सैनी ने बताया कि निगम मैनेजमेंट की तानाशाही, डीसी रेट को जबरन एचकेआरएन में लाने, गलत ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, डीसी रेट कर्मचारियों की गलत आईडी बनाने आदि विषयों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी दिन रात जनता की सेवा करने का काम करते है। उनके साथ इस तरह का अन्याय होने नहीं दिया जायेगा। कर्मचारी केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध करते है। इस मौके पर प्रधान प्रवेश सैनी, सचिव मोहनलाल, ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार, वरिष्ठ प्रधान निर्मल कुमार, कमल कांत, नीरज कुमार, जितेंद्र चमरोडी, अंग्रेज कुमार, मनीष कुमार, जेई सतपाल आदि मौजूद रहे।



**रादौर।** नगर निगम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

---



**यमुनानगर।** कार्यक्रम में जानकारी देते मुख्यवक्ता।

#### सुगम जीवन के लिए लाइफ स्किल जरूरी : सिंह

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को नई शिक्षा प्रणाली-2020 पर आधारित इंटर्नशिप व नशा मुक्ति कार्यक्रमका आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में इंटर्नशिप बहुत जरूरी है। छात्रों को लाइफ स्किल जरूर अपनाना चाहिए, ताकि जीवन सुगम रहे। नशा मुक्ति के संबंध में प्राचार्य ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। संयोजक प्रो. नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि एनईपी 2020 के संदर्भ में इंटर्नशिप करनी बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र अपनी रुचि के अनुसार किसी भी क्षेत्र में इंटर्नशिप कर सकते हैं। इंटर्नशिप कोर्स की अवधि 120 घंटे की होगी। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. निर्मला देवी, सहायक प्रो. मंगल सिंह, डॉ. ललिता शर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# रक्तदान शिविर के लिए छात्रों ने लोगों को नुक्कड़ नाटकों से किया जागरूक

- गांव बकाना, नांगल, चमरौड़ी में रक्तदान के महत्व को किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने नुक्कत नाटकों का आयोजन किया। नाटक का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। 26 फरवरी को कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसको लेकर कालेज के छात्र लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। संस्थान के छात्रों ने एमएलएन कॉलेज रादौर के आसपास के गांव बकाना, नांगल, चमरौडी इत्यादि में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रक्तदान के महत्व को उजागर किया। उन्होंने लोगों को यह संदेश दिया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। प्राचार्य डा. एसके सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुडने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में भाग लेकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे सकते हैं।



**यमुनानगर।** नुक्कड नाटक में प्रस्तुति देते कॉलेज के छात्र।

---



**यमुनानगर।** साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते हुए सेवा दल के सदस्य।

#### सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**यमुनानगर।** संत निरंकारी मिशन यमुनानगर के सदस्यों द्वारा ट्विन सिटी के नजदीक स्थित यमुना के घाटों, सड़कों व अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान मिशन के सदस्यों ने साफ सफाई करके कूड़ा कर्कट उठाकर गंदगी को साफ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक बलदेव सिंह ने की। संयोजक बलदेव सिंह ने बताया कि निरंकारी मिशन के सेवादल के सदस्यों ने पश्चिमी यमुना के बाडी माजरा पुल से लेकर ग्रे पेलिकन रेस्ट हाउस तक घाटों की सफाई की। इस अभियान के अंतर्गत यमुना के घाट व आसपास की सफाई की गई। इसी तरह बुडिया शाखा की साधसंगत द्वारा पश्चिमी यमुना के बुड़िया पुल, श्री राम मंदिर बुड़िया घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर गंदगी को साफ किया।

---

# शिशु निकेतन में हुआ फेयरवेल का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में सोमवार को विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के नृत्य द्वारा की गई। जिसके बाद पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों की गेम्स, रैंप वॉक, नृत्य वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस विदाई पार्टी में मास्टर फेयरवेल आर्यन व बेबी फेयरवेल यज्ञा रही। मुख्य अध्यापिका रेणु शांडिल्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्हें अनुशासन व मेहनत का महत्व बताया।

---

### स्वामी अवधेष आचार्य ने श्रद्धालुओं को बताया सत्संग का महत्व

# मानव तन है सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ संरचना : आचार्य

**श्री श्याम बिहारी मंडल द्वारा जगाधरी में आयोजित किया सत्संग कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री श्याम बिहारी मंडल द्वारा सोमवार को जगाधरी में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग कार्यक्रम में स्वामी अवधेष आचार्य ने श्रद्धालुओं को मनुष्य जीवन में सत्संग के महत्व को समझाया। स्वामी अवधेष आचार्य ने फरमाया कि मानव तन सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ संरचना है। लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन ही सबसे अधिक दुःख, पीड़ा एवं कष्टों का सामना कर रहा है। आज मनुष्य का जीवन भी अपने मूल आधार से टूट चुका है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मनिष्ठ संत के द्वारा प्रदान किया गया ब्रह्मज्ञान हमारे मन के विचारों को परिवर्तित करके आत्मा की उन दिव्य शक्तियों को नियंत्रित करता है जिससे हम निर्बाध होकर अपने आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपने परम लक्ष्य परमात्मा तक पहुँच जाते हैं। उन्होंने फरमाया कि आज के कलिकाल में सत्संग ही एक मात्र वह साधन है। जिसके द्वारा हम अपने वातावरण को सकारात्मक एवं दिव्य तरंगों से तरंगित करके संपूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग खोल सकते हैं।



**यमुनानगर।** सत्संग में प्रवचन श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

#### आत्म साक्षात्कार ही जीवन का मूल आधार

उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार है। सत्संग का किसी विशेष धर्म या संप्रदाय से कोई संबंध नहीं है। अपितु इसका संबंध मानव मन की उपयोगिता से हैं। सत्संग हमारे स्थूल, सूक्ष्म व कारण तीनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। स्वामी ने फरमाया कि सत्संग श्रवण करने और मनन करने से मानव शरीर से निरंतर कुछ ऐसी ही विद्युत तरंगें प्रवाहित होती हैं। जो पेड़ पौधे, जीव जन्तु और यहाँ तक कि जल तथा वायु के कणों को भी सकारात्मक ऊर्जा से प्रभावित करती हैं। सत्संग मानव शरीर में समाहित उन अदृश्य शक्तियों को जाग्रित करता है। स्वामी ने कहा कि सत्संग का श्रवण करने से हमें ब्रह्मज्ञान और सद मार्ग की प्राप्ति करवाता है।

खबर संक्षेप

## कानूनी सहायता के लिए हेल्प डेस्क किया स्थापित

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशनुसार मिनी सचिवालय कुरुक्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में डीएलएसए की ओर से कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क पर डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता सुप्रीत सिंह समाधान शिविर में आने वाली आम जनता को कानूनी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

## 100 मरीजों को वितरित की जा रही पोषण सामग्री

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल की **पहल** पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 100 टीबी मरीजों को नियमित रूप से राशन सामग्री वितरित की जा रही है। यह पहल टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि टीबी आज भी एक गंभीर बीमारी है, जो बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है, लेकिन समय पर जांच, नियमित दवा, संतुलित पोषण और सही जागरूकता के माध्यम से इसे पूरी तरह हराया जा सकता है।

## विद्यार्थियों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

**कुरुक्षेत्र।** ज्योति नगर स्थित फर्स्टक्राइ इनटेलीटोटस प्रीस्कूल और डे-केयर सेंटर द्वारा अपना वार्षिक उत्सव सिंफनी ऑफ कल्चर अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नन्हें बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विभिन्न कलाओं का अनूठा संगम प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद शर्मा के भाई डॉ. राजकमल और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली के भाई माई राम कौशिक ने शिरकत की।

## ग्रामीणों को शिविर लगाकर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिदेर्शानुसार कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला कुरुक्षेत्र के गांव बनी, मुरादनगर में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान पीएलवी विजय कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिक योजना, नालसा चाइल्ड-फ्रेंडली योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में बताया।

### उपायुक्त ने कलाकार धनपत सिंह की स्मृति में 5 दिवसीय महोत्सव का किया शुभारंभ

# सांग महोत्सव से भाईचारे को बढ़ावा देने का मिलता है मंच : विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ज्योतिसर अनुभव केंद्र व पुरुषोत्तमपुरा बाग पर्यटन स्थलों पर सांग जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गीता स्थली ज्योतिसर को आध्यात्मिक केंद्र बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र को धार्मिक नगरी के साथ-साथ पर्यटक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए पूरा सहयोग दे रहे हैं। इसी दिशा में महाभारत अनुभव केंद्र स्थापित किया गया और इसके साथ ही एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को लेकर योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ये प्रस्तुतियां सांग कार्यक्रम ही नहीं है, बल्कि कला, सांस्कृतिक व सामाजिक ताना बाना है। यहीं से समाज के हर वर्ग के लोगों को एक साथ बैठकर भाईचारे को बढ़ावा देने का मंच मिलता है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को कलाकृति भवन हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में प्रसिद्ध लोक कलाकार धनपत सिंह की स्मृति में आयोजित 5 दिवसीय सांग महोत्सव 2026 के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को पद्मश्री डा. महावीर गुड्डू, ने पगड़ी पहनाकर, प्रोजेक्ट ऑफिसर डा. पवन आर्य ने पुष्प गुच्छ व चित्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रदेशभर से 24 टीमों के बीच सांग का कंपीटिशन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की तरफ से विजेता को 1 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त को फ्लावर पॉट भेंट करते आयोजक।

### 24 कलाकारों की पार्टियां हिस्सा ले रही

उपायुक्त ने कहा कि सांग महोत्सव के दूसरे सीजन का आयोजन कुरुक्षेत्र में होना यहां के लोगों के लिए बड़ा सौभाग्य है। प्रदेश का नाम रोशन करने वालों का सरकार पूरा सहयोग कर रही है। उसी दिशा में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 5 कार्यक्रम में 24 कलाकारों की पार्टियां हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक लगभग 5 सांगों की प्रस्तुतियां होंगी। इनमें से सबसे बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले सांगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### कलाकारों को किया सम्मानित

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रोजेक्ट ऑफिसर डा. पवन आर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज पहले दिन सांगी नेरन द्वारा वीर विक्रमाजीत का, सांगी राजेश कुमार द्वारा हीर रांझा का, सांगी राजपाल द्वारा राजा नल दमयंती और सांगी आजाद सिंह द्वारा पिंगला भरथरी का किस्सा पेश किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पद्मश्री महावीर गुड्डू, राष्ट्रपति अवार्डी प्रेम देहाती, सांग मर्मज्ञ एवं रूपकार प्रो. रामनिवास शहरावत, लोक रंगमंच विशेषज्ञ डॉ. हनीफ खान, डीवाईसीए के निदेशक डा. विवेक चावला को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एआईपीआरओ केदारनाथ, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, सुपरीटेंडेंट हाकम सिंह, डा. हरविंद्र राणा, देवेंद्र राणा, धर्मपाल, विकास आदि रहे।

### आज हीरामल्ल जमाल, जानी चोर, बणदेवी किस्सा होगा प्रस्तुत : डा. नरेंद्र सिंह

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि दूसरे दिन 24 फरवरी को सांगी कुलदीप द्वारा हीरामल्ल जमाल का, सांगी संजय द्वारा जानी चोर का, सांगी सुभाष द्वारा बणदेवी का, सांगी सतपाल द्वारा गोपीचंद का और सांगी नितिन कुमार द्वारा चंद्रप्रभा मदनपाल का किस्सा पेश किया जाएगा। इसी तरह तीसरे दिन 25 फरवरी को सांगी समंदर द्वारा लीलो चमन का, सांगी कृष्ण लाल द्वारा बणदेवी का, सांगी कृष्ण कुमार द्वारा पिंगला भरथरी का, सांगी स्वामी कर्ण सिंह द्वारा शाही लकड़हारा और सांगी वेद प्रकाश अत्री द्वारा दुष्यंत शकुंतला का किस्सा पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौथे दिन 26 फरवरी को सांगी सोनू द्वारा बणदेवी का, सांगी उस्मान द्वारा राजाल नल दमयंती का, सांगी इंद्र सिंह द्वारा हीरा मल्ल जमाल का, सांगी राजेश कुमार द्वारा गोपी चंद का और सांगी रतन भारती द्वारा सेठ ताराचंद का किस्सा पेश किया जाएगा। अंतिम दिन 27 फरवरी सांगी रामशरण द्वारा धर्म की जीत का, सांगी राजेंद्र सिंह द्वारा बणदेवी, सांगी रमेश कुमार द्वारा धर्म की जीत का, सांगी बाबू लाल द्वारा राजा उत्तानपाद ध्रुव का जन्म का और सांगी विष्णु दत्त द्वारा विराट पर्व का किस्सा प्रस्तुत किया जाएगा।

## मन का प्रदूषण खत्म होने से पर्यावरण स्वत: होगा स्वच्छ

- श्री कृष्ण कथा के सप्तम एवं समापन दिवस के अंतर्गत भगवान की दिव्य लीलाओं को भजनों के माध्यम से उजागर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर




कथा सुनाती साध्वी कालिंदी भारती।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सैक्टर 10 मार्किट में आयोजित सात दिवसीय श्री कृष्ण कथा के सप्तम एवं समापन दिवस के अंतर्गत भगवान की दिव्य लीलाओं व उनके भक्तों के जीवन के भीतर छिपे हुए गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों को कथा प्रसंग व सुमधुर भजन संकीर्तन के माध्यम से उजागर किया गया। पर्यावरण असंतुलन की समस्या को उठाते हुए दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या भागवत भास्कर साध्वी कालिंदी भारती ने कहा कि समाज मानव मन की अभिव्यक्ति है। जब-जब संतों के आदर्शों का परित्याग करते हुए मानव भोग वासना की ओर प्रवृत्त हुआ तब तब समाज विषाक्त होता। जरुरत मन को प्रदूषण से मुक्त करने की है। जब मन का प्रदूषण समाप्त होगा तब बाहरी पर्यावरण स्वतः ही स्वच्छ हो जाएगा। इसके लिए जरुरत है ब्रह्मज्ञान की जो मानसिक शुद्धता का सशक्त साधन है। हमें आवश्यकताओं और लालसाओं में भेद करना होगा। जितनी लालसायें बढ़ेंगी उतना ही प्रकृति का दोहन होगा। इस अवसर पर वेदपाल स्टेट वाइस प्रेसिडेंट बीजेपी, डॉ एसएस मैहला सीएमओ कुरुक्षेत्र, नरेश गोयल एसपी जेल करनाल, बलविंद्र सिंह, राजिंद्र सैनी जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद, अशोक रोशा, श्रीमति मोनिका जौहर नर्सिंग ऑफिसर, बृजमोहन जिंदल जनरल सेक्रेटरी महादेव गौशाला व एडवोकेट निर्मल सिंह आदि विशेष तौर पर पहुंचे।

## गवर्नमेंट स्कूल लुखी, गांव ज्योतिसर के प्रेम नगर डेरा में शिविर का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक माह आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों के माध्यम से नियमित रूप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि आमजन को सुरक्षित, प्रभावी एवं पारंपरिक उपचार पद्धति का लाभ मिल सके और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके। आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा गवर्नमेंट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लुखी तथा गांव ज्योतिसर के प्रेम नगर डेरा में निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करवाना रहा। गवर्नमेंट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लुखी में आयोजित आयुर्वेदिक स्कूल हेल्थ कैंप में आयुष आरोग्य मंदिर लुखी की चिकित्सकीय टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## जरूरतमंदों की सेवा करना सामाजिक दायित्व

- मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



परोपकार, परमार्थ एवं निष्काम सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। समाज के गरीबों, रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा करना उनकी मदद करना प्रत्येक मनुष्य का एक सामाजिक दायित्व है और सेवा करने वाले व्यक्ति को सदैव मानसिक संतुष्टि प्राप्त होती है। यह विचार सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सहयोग से मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र प्रेम मंच द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर में आयोजित सेहत चौपाल में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने फ्री मेडिकल चेकअप कैंप के शुभारंभ पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र, राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी, उत्पाद एवं कराधान विभाग, फरीदाबाद, हरियाणा के उपायुक्त पुनीत शर्मा एवं सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के चिकित्सक समूह द्वारा संयुक्त रूप से भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सुनील पांचाल, सुरेंद्र कुमार, रणजीत, रामेश्वर यादव सुश्री कविता, सुश्री दीपिका, हर्ष, ममता सिरोहा सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## क्लासरूम ऑब्जरवेशन प्रभावशाली शिक्षण का माध्यम

- डाइट कुरुक्षेत्र में फेक्टिव क्लासरूम ऑब्जरवेशन ट्रेनिंग के अंतर्गत बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप डाइट कुरुक्षेत्र में इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जरवेशन ट्रेनिंग के अंतर्गत बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल इंदु कौशिक के कुशल नेतृत्व एवं ईटी विंग प्रभारी जसविन्द्र सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिले के सभी एबीआरसी, बीआरपी तथा डाइट कुरुक्षेत्र के समस्त सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ प्राध्यापक अनिल शर्मा ने डाइट परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्लासरूम ऑब्जरवेशन शिक्षण-प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने का एक सशक्त माध्यम है।



कुरुक्षेत्र। मंचासीन प्रिंसिपल इंदु कौशिक व अन्य।

### ऑनलाइन प्रशिक्षण को गंभरता से लें : विद्या धन

इसके बाद सीनियर प्राध्यापक विद्या धन ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए सफलतापूर्वक कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर डाइट प्राध्यापक डॉ. रघुवीर तगेजा एवं बीआरपी सतीश रंगा ने ऑनलाइन इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जरवेशन ट्रेनिंग से संबंधी जानकारी सांझा की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में डाइट के वरिष्ठ प्राध्यापिका अनिता सहित समस्त स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन जय देव द्वारा किया गया।



## 'किसी शायर की गजल ड्रीम गर्ल' गीत पर मदमस्त हुए संगीत प्रेमी

**कुरुक्षेत्र।** सांस्कृतिक,सामाजिक और मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा पिपली रोड़ स्थित एक मैरिज पैलेस में चतुर्थ वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा सेक्टर 5 कुरुक्षेत्र के प्रधान सचिन गुप्ता, समाजसेवी आशीष सभ्रवाल, संजीव सीकरी मित्तल, विनय गर्ग, कुलदीप चोपड़ा, सूबेदार रविंद्र कौशिक और व्यवसायी गगनदीप ढींगरा ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। समूह संरक्षक जितेंद्र बंसल ने अम्बाला मंडल प्रभारी डॉ.संजय गौतम, संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता, श्याम जुनेजा, अमरजीत पांचाल, दमन कुमार, पुनीत गर्ग और नितिन सिंगला सहित सभी अतिथियों का फूलमालाओं व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे बॉलीवुड कलाकार जूनियर धर्मेंद्र (सागर शर्मा) ने मैं जट्ट यमला पगला दीवाना और किसी शायर की गजल ड्रीम गर्ल.....गीत गाकर सबको झूमने पर विवश किया।

*पांच दिवसीय कार्यशाला 'कॉरपोरेट स्किल डेवलपमेंट इन मास कम्युनिकेशन' शुरू*

## विद्यार्थियों में कौशल विकसित करना संस्थान का उद्देश्य: पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में अटल संचार भवन स्थित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया की अध्यक्षता में सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन (रूसा प्रोजेक्ट) एवं जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से पांच दिवसीय कार्यशाला 'कॉरपोरेट स्किल डेवलपमेंट इन मास कम्युनिकेशन' का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण में निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय और संस्थान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक एवं व्यवहारिक कौशल का विकास करना है, ताकि वे अपने पाठ्यक्रम के अनुरूप भविष्य में कार्यक्षेत्र की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा निहित होती है और इस प्रकार की कार्यशालाएं उस प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम बनती हैं। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को दो स्तरों पर अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों को सुनने और उनसे संवाद करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इस पहल के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का विशेष आभार व्यक्त किया कि उनके सहयोग से संस्थान को सेंटर फॉर कंटीन्यूइंगि एजुकेशन (रूसा प्रोजेक्ट) के अंतर्गत इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. मधुदीप सिंह, डॉ. अभिनव, डॉ. रोशनलाल मस्ताना, डॉ. तपेश किरण, डॉ. प्रदीप कुमार, सचिन वर्मा, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



## हर गांव तक पहुंचेगा सीएम सैनी का विकास विजन : सुभाष कलसाना

**शाहबाद।** शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव नलवी में स्थित श्री शिव मंदिर धर्मशाला का ब्लॉक समिति की ओर से करवाया गया नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने धर्मशाला का उद्घाटन एक बेटी के हाथों फीता कटवाकर करवाया, जिससे कार्यक्रम को सामाजिक समरसता और नारी सम्मान का विशेष संदेश मिला। इससे पहले गांव में पहुंचने पर ब्लॉक समिति सदस्य तिलक राज नलवी व अन्य ग्रामीणों की ओर से सुभाष कलसाना का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। सुभाष कलसाना ने ग्रामीणों के साथ धर्मशाला का अवलोकन भी किया और कहा कि भविष्य में भी जहां आवश्यकता होगी इस तरह का नवीनीकरण करवाया जाएगा। ब्लॉक समिति सदस्य तिलक राज नलवी ने कहा कि नवीनीकरण के बाद धर्मशाला को सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। ब्लॉक समिति सदस्य तिलक राज नलवी ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला में फ्लोर टाइल्स, बरामदे की ब्लॉकिंग, पेंटिंग और अन्य आवश्यक कार्यों पर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इस अवसर पर सुभाष अजराना, एडवोकेट मनदीप रावा, मान सिंह देसवाल, संजीव कुमार, श्याम रावत, गौरव सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।





## त्वचा रोगियों को बड़ी राहत : आदेश के चर्म रोग विभाग में डायोड लेजर मशीन स्थापित

**कुरुक्षेत्र।** आदेश मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में अत्याधुनिक डायोड लेजर मशीन की शुरूआत कर दी गयी है। इस मशीन का शुभारंभ आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच. एस. गिल ने किया। इस मौके पर उनके साथ आदेश के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल, प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा और पर कालेज प्रशासन और चर्म रोग विभाग के चिकित्सक मौजूद रहे। इस दौरान डा. एच.एस. गिल ने कहा कि आदेश का संकल्प कुरुक्षेत्र, अंबाला, शाहाबाद, बराड़ा, लाडवा, ईस्माइलाबाद, हिमाचल और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है और इस दिशा में आदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। चर्म रोग विभाग की विभागाध्यक्षा डा. पोलीना रोज चौधरी ने बताया कि यह मशीन लेजर हेयर रिडक्शन और अन्य त्वचा उपचारों के लिए वर्तमान में सबसे सुरक्षित और प्रभावी तकनीकों में से एक है। इसमें एडवांस कूलिंग सिस्टम है, जिससे उपचार के दौरान दर्द बेहद कम होता है और त्वचा सुरक्षित रहती है। उन्होंने बताया कि यह मशीन दर्द रहित तकनीक, हर प्रकार की त्वचा के लिए उपयुक्त, स्किन टाइप पर भी प्रभावी, कम समय में बेहतर परिणाम और सबसे बड़ी आम लोगों की पहुंच में इलाज रहेगा। चर्म रोग विभाग के डॉक्टरों का कहना है कि नयी तकनीक से मरीजों को बेहतर और स्थायी परिणाम मिलेंगे।

**कार्यक्रम** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा और खनेवाल खालसा स्कूल के तत्वाधान से करवाई प्रतियोगिताएं

# पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग स्पर्धाओं में खुशी, यश और अर्शदीप ने पाया प्रथम स्थान

100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विचारों को रंगों व शब्दों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा तथा खनेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तत्वाधान से खनेवाल खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में विश्व शांति एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को रंगों व शब्दों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में ग्रुप 1 में खुशी कक्षा 6वीं ने प्रथम, मनदीप कौर कक्षा 6वीं ने द्वितीय, अभिजोत सिंह कक्षा 7वीं ने तृतीय तथा लक्ष्य कक्षा 7वीं ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 2 में कक्षा 8वीं में यश ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय, गुरप्रीत ने तृतीय तथा साई ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 3 में अर्शदीप कक्षा 12वीं कॉमर्स ने प्रथम, हिमानी कक्षा 12वीं आर्ट्स ने द्वितीय, निर्मल कक्षा 10वीं ने तृतीय तथा मयंक कक्षा 12वीं आर्ट्स ने सांत्वना स्थान हासिल किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करती हैं तथा विश्व शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश समाज में फैलाने का कार्य करती हैं।



शाहबाद। विजेताओं को सम्मानित करते रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन।

### विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रितपाल सिंह ढिल्लों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में भी शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य गुरमीत सिंह ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र तथा बाकी सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एस. एस. आहूजा, आर. के. गर्ग, रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, परवीन ठकराल, गोपाल कुमार एसबीआई ब्रांच मैनेजर, लाडवा रोड, विद्यालय प्रबंधक कमेटी के प्रधान जतींदर सिंह भिंडर, मैनेजर हरभंस सिंह गिल, विद्यालय स्टाफ से पवन, सुखविंदर कौर, राजदीप कौर, मनिंदर कौर, अंकुश, रजनी लाठर व अन्य उपस्थित रहे।

# कल से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, 56 केंद्रों पर नकलमुक्त परीक्षा का संकल्प

## परीक्षा की गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखना स्कूल मुखिया और केंद्र अधीक्षक की सामूहिक जिम्मेदारी, शिक्षा अधिकारी ने भरा अधिकारियों ने जोश

**बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 25 से आयोजित होने वाली दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं को नकलमुक्त, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सोमवार को अंबाला शहर के पीकेआर जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सभी 56 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं केवल विद्यार्थियों के मूल्यांकन का माध्यम नहीं, बल्कि उनके भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा की गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखना सभी केंद्र अधीक्षकों और शिक्षा अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नकल केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाली प्रवृत्ति है। यदि इसे रोकने में लापरवाही बरती गई तो यह मेहनती और ईमानदार विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा।



अंबाला। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### इन बिंदुओं पर विशेष जोर

जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा कक्षों का पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। बच्चों के बैठने की व्यवस्था बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी पूरी निष्पक्षता से लगाई जाए। परीक्षा शुरू होने से पूर्व बच्चों की सघन जांच की जाए तथा मोबाइल, स्मार्ट वॉच सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहे। उड़नदस्ता एवं निरीक्षण दल को पूर्ण सहयोग दिया जाए और सभी अभिलेख व्यवस्थित रखे जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा आरंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का संक्षिप्त संदेश अवश्य दिया जाए, ताकि वे स्वयं नकल से दूर रहने का संकल्प लें। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने यह भी कहा कि यदि किसी भी केंद्र पर नकल या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों से व्यक्तिगत रूप से परीक्षा व्यवस्था की निगरानी करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और पारदर्शिता से करेंगे तथा इस वर्ष की परीक्षाएँ शांतिपूर्ण और नकलमुक्त रूप से संपन्न होंगी।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की इन 56 केंद्रों पर होगी परीक्षा

अंबाला छावनी ब्लॉक: के फारूखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बकरा मार्केट, जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, निकट गोल चक्कर चौक, एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदर बाजार, एसडी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिल रोड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुखेड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनाला शामिल है।

अंबाला शहर ब्लॉक: एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोहन लाल डीएवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीकेआर जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसए जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसएचजीआरएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोहन लाल डीएवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रेम नगर, केपीएके महाविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुराना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलबेहड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जनसुई, राजकीय उच्च विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सपेहड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया, पब्लिक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलियाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केसरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुलाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नोहनी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पसियाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तंदवाल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर शामिल है।

नारायणगढ़ ब्लॉक: राजकीय उच्च विद्यालय अंबली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ा गांव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी कलां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनाना, एसपीकेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल गधौली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काठे माजरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुराली, राजकीय उच्च विद्यालय नगला राजपुतान, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल (न्यू बिल्डिंग) नारायणगढ़, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारायणगढ़ टू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर नुर्द, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहजादपुर वन को सेंटर बनाया गया।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा योजना के चेक वितरित

**शहजादपुर।** मार्केट कमेटी नारायणगढ़ के चेयरमैन नरेंद्र राणा द्वारा कृषि कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए लाभार्थियों को मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत राहत राशि के 37,500 रुपये के चेक प्रत्येक लाभार्थी को वितरित किए गए है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव शाहपुर की सुनीता देवी, गांव खेडक्की जट्टान के बलकार तथा गांव अंबली के मनीष सैनी को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### 24 को अफसर सुनेंगे बिजली संबंधी शिकायतें

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 24 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। इसके बाद निगम के अधिकारी उस शिकायत पर कार्रवाई करेंगे।

### मतदाता सूचियों के लिए शैड्यूल जारी

**अंबाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित नगर निगम के चुनाव के तहत शैड्यूल जारी कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूचि से संबंधित जो कार्य किया जाना है वह नोटिफिकेशन व नियमों की पालना के अनुरूप तथा समयबद्ध तरीके से होना चाहिए। उन्होनें यह भी मतदाता सूचि के कार्य के लिए रिवाइजिंग व सहायक ऑर्थोरिटी के तौर पर अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए है। साथ ही वीआईसीसी सेंटर भी चिह्नित कर लिए गए हैं। मतदाता सूचि के कार्य के तहत 17 से 27 फरवरी तक किया जाएगा।

### भव्य इंस्टॉलेशन डे समारोह का आयोजन

**जींद।** जेसीआई जींद क्लासिक द्वारा गत दिवस भव्य इंस्टॉलेशन डे समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह के दौरान नवनियुक्त प्रधान सनी जुनेजा ने अपनी नई कार्यकारिणी टीम के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यवसायी रमेश ढिल्लो ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान लकी बत्तरा द्वारा की गई।

### दो स्थानों पर टूटे ताले नकदी-सामान चोरी

**जींद।** अलग-अलग दो स्थानों पर चोरों ने नकदी, घरेलू सामान चोरी कर लिया। शहर में एक मकान के केयर टेकर ने चोरों को ललकारा तो दरांत दिखा कर जान से मारने की धमकी दी। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी व धमकी देने के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपराही मोहल्ला निवासी रामनिवास ने शिकायत में बताया कि वह स्कीम नंबर एक मकान का केयर टेकर है। रात को वह खाना कर उस मकान पर पहुंचा तो दो चोर अंदर घुस थे। कपड़े व अन्य सामान समेत था।

---

**स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए लगाया मेगा हेल्थ कैंप**
**गंदे पानी की सप्लाई होने से हालात बिगड़ने का अंदेशा**

# उगाला में पीलिया की दस्तक जांच में 17 बच्चे बीमार मिले एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उगाला गांव के पंजाबी मोहल्ला में एक सप्ताह के भीतर 16 से अधिक बच्चे पीलिया की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर है। इस इलाके में तंदवाली रोड स्थित ट्यूबवेल से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रोड पर करीब 10 दिन से एक जोहड़ की खुदाई का काम चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि खुदाई के दौरान किसी पाइप लाइन में लीकेज या अन्य कारण से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही हो और इसी कारण पीलिया के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

एएसएमओ डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह उगाला पहुंचे। जहां पंजाबी मोहल्ला में 16 बच्चों में पीलिया के लक्षण पाए गए हैं। ग्रामीण केशव बतरा ने बताया कि उनके पड़ोसी 17 वर्षीय सहजमीत की हालत गंभीर बनी हुई है। पहले उसे शाहाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था लेकिन सुधार न होने पर उसे आदेश अस्पताल में दाखिल कराया गया। यहां उसे आईसीयू में रखा गया है। इसके अलावा अन्य कई बच्चे भी निजी अस्पतालों व चिकित्सालयों में उपचाराधीन हैं।

स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच में मोहल्ले के कई बच्चों में पीलिया के लक्षण मिले हैं। इनमें सहजमीत (17 वर्ष), मंसिरत (14 वर्ष), प्रभदीप (8 वर्ष), मोक्ष (15 वर्ष), माणिक (10 वर्ष), विहान (6 वर्ष), गर्वित (10 वर्ष), कन्हैया (16 वर्ष), मिलन सहित अन्य कई बच्चे शामिल हैं।

### हालात और भी हो सकते थे गंभीर

समाजसेवी राकेश भल्ला व बृजेश शर्मा का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने मांग की है कि पानी की सप्लाई की तुरंत जांच करवाई जाए। पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त किया जाए तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में भेजकर जांच शिविर लगाया जाए। गांव में बढ़ते पीलिया के मामलों ने स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। डॉ. बीरबल सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मेगा हेल्थ कैंप लगाया या। इसमें लोगों के टेस्ट किए गए। उन्हें दवाइयां भी दी गई। नमूने लेकर अंबाला भेजे गए हैं। जलापूर्ति एवं जनस्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पानी की सैंपलिंग की जाएगी।

### टीम कर रही कई दिनों से जांच

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सुभाष चंद ने बताया कि गांव में कहीं भी दूषित पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। विभाग की टीम कई दिन से गांव में जांच कर रही है। यदि कोई अवैध कनेक्शन पाया जाता है तो उसे काटा जा रहा है।

---

# ग्रामीणों को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने के लिए छात्रों ने निकाली रैली

- स्वयंसेवकों ने डीमैट खातों और डेटा-आधारित वित्तीय अंतर्दृष्टि को सरल भाषा में समझाने के लिए नुक्कड़ नाटक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




बराड़ा। रैली निकालते हुए छात्र।

सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर "युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता" का तीसरा दिन ऊर्जा, अनुशासन और समाज सेवा की भावना के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रातः 6:15 बजे प्रभात फेरी, व्यायाम और योग सत्र से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव सरकपुर का व्यापक दौरा किया। गांव में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें ग्रामीणों को ऑनलाइन लेन-देन की सुरक्षा, साइबर जागरूकता तथा आधुनिक बैंकिंग प्रणालियों के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने डीमैट खातों और डेटा-आधारित वित्तीय अंतर्दृष्टि को सरल भाषा में समझाने हेतु एक उत्साहपूर्ण नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। दोपहर 3:00 बजे पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनिरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सहायक प्रोफेसर एवं एनआईएसएम से प्रमाणित विशेषज्ञ पंकज कौशिक ने विशेष अतिथि व्याख्यान दिया। उन्होंने इक्विटी रिसर्च, एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के नियामक परिदृश्य तथा निवेश क्षेत्र में उभरते अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी।

# बसंत उत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल

## रंगारंग प्रस्तुतियों से जमकर बटोरी तालियां, सोलो डांस में विशाल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला







कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते छात्र।

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में बसंत उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गायन, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस उत्तम व विशिष्ट अतिथि डॉ. रेणु ऋषि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हम में ऊर्जा का संचार करते हैं। छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि डीएचईओ डॉ रेणु ऋषि का स्वागत किया। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने इस शानदार आयोजन के लिए कल्चरल कमेटी के सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. पूनम राजौरा ने बताया कि कार्यक्रम में नाट्य,गायन व वादन की विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न मुकाबले हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ पूनम राजौरा व डॉ रामकुमार ने किया। वसंत उत्सव के परिणाम इस प्रकार रहेः सोलो डांस मेल में विशाल,हिमांशु व कपिल पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। सोलो डांस फीमेल में अंशिका, चेतना व आंचल, वादन में विजेंदर, निखिल व प्रिंस, गायन में जतिन, विक्की व निखिल, ग्रुप डांस में आरजू व टीम, उजाला व टीम तथा जसप्रीत व टीम पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

# सरकार के खिलाफ गरजे रोडवेज के कर्मचारी

- सरकार किलोमीटर स्कीम के नाम पर परिवहन बेड़े को निजी हाथों में सौंप रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक जींद डिपो के यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में डिपो के चालक, परिचालक, तकनीकी स्टाफ और कार्यालय कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार की निजीकरण समर्थक नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल गौतम ने की। जबकि मंच का संचालन डिपो सचिव जयवीर पोली द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व राज्य प्रधान आजाद गिल ने कहा कि हरियाणा सरकार किलोमीटर स्कीम के नाम पर प्रदेश के सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन बेड़े को निजी हाथों में सौंपने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि किलोमीटर स्कीम के तहत निजी बसों को दिया जाने वाला भुगतान, रोडवेज की अपनी बस चलाने के खर्च से कहीं अधिक है। यह न केवल जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है बल्कि सुरक्षित सफर के साथ भी खिलवाड़ है। निजी बस मालिकों का एकमात्र लक्ष्य मुनाफा कमाना है, जबकि हरियाणा रोडवेज का लक्ष्य लोक सेवा है। राज्य कार्यकारी महासचिव संदीप रंगा ने कहा कि हरियाणा की आबादी के अनुपात में बसों की संख्या लगातार घट रही है।

# नगर परिषद के 32 वार्डों में 81.29 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद अंबाला सदर में 81.29 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य होंगे। इसके लिए विभिन्न वार्डों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। आवेदन की अंतिम 28 फरवरी निर्धारित की गई है। नगर परिषद की ओर से तैयार की गई परियोजनाओं के तहत धर्मशाला का निर्माण, सड़कों का सुधारीकरण, नालियों का निर्माण, चौक और गेट का सौंदर्यीकरण, स्वागत द्वार की मरम्मत, आरसीसी शेड व शौचालय बनाए जाएंगे। यहां होंगे काम नगर परिषद के अधीन मोची मंडी में आंबेडकर चौक का निर्माण किया जाएगा। इस पर लगभग 3.11 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार गुड़गुड़िया नाले के साथ 5.92 लाख रुपये की लागत से दीवार का निर्माण, वार्ड नंबर 18 में 5.12 लाख की लागत से गली का निर्माण, अंबाला सदर में मैनहोल के टूट चुके ढक्कन पर 3.20 लाख रुपये, वार्ड नंबर 5 बब्याल के दशई घर में 9.75 लाख की लागत से शेड का निर्माण, 10.61 लाख की लागत से संत शिरोमणि गुरु रविदास हॉल का निर्माण, भूमिगत ड्रेन के लिए 8.51 की लागत से पाइप, वार्ड नंबर 19 में 8.22 लाख की लागत से गली का निर्माण, 4.25 लाख की लागत से स्वागत द्वार की रिपेयर, बीसी बाजार में 13.78 लाख की लागत से धर्मशाला का निर्माण, वार्ड नंबर 12 में 11.93 लाख की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा।

### लोगों को मिलेगी सुविधा

वार्ड स्तर पर विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई थी। यह कार्य स्थानीय पार्षद के आग्रह पर करवाए जाएंगे ताकि स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिल सकें। इन विकास कार्यों की निविदा जारी कर दी गई है। दस्तावेज प्राप्त होते ही कार्य आदेश जारी करके निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा।



शहजादपुर। प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### जबरन डाटा फीड करवाए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने दो घंटे किया प्रदर्शन

शहजादपुर। बिजली विभाग में डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों से जबरन टेंपरेरी आईडी बनवाकर डाटा फीड करवाएए जाने के विरोध में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा केंद्रीय परिषद के आह्वान पर सब डिविजन के प्रांगण में तीसरे और सब डिविजन लेवल पर आखिरी दिन भी दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि विभाग द्वारा डीसी रेट पर काम कर रहे कर्मचारियों से जबरन टेम्परेरी आईडी बनवाकर कर डाटा फीड करवाया जा रहा था,जिसका एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा पुर जोर विरोध किया गया है।उन्होंने कहा कि आगे भी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा जोकि केंद्रीय परिषद के आह्वान पर अब यूनिट लेवल पर होगा।

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। भारती ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले और जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग का किया बखान**

# बच्चों को बचपन से ही धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दें: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

श्री कृष्ण दिव्या भारती आश्रम परिवार की ओर से श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद प्रसंग का बखान किया गया। इस अवसर पर ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ मध्यप्रदेश से पधारे श्रीमज्जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। इसके फलस्वरूप भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं जिससे सीख लेने की जरूरत है।





### दिव्य भारती स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन

श्रीमद्भागवत कथा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए समाजसेवी श्रीपाल जैन व राजीव बंसल ने बताया कि यह आयोजन ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 श्री दिव्य भारती महाराज के पुण्य स्मरण के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण दिव्य भारती आश्रम द्वारा किया जा रहा है। शिवधाम गौरी ताल मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कथा व्यास शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ अपने मुखारबिंद से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के गूढ़ विषयों पर मार्गदर्शन कर रहे हैं और कार्यक्रम में साध्वी पूर्णानंद महाराज की विशेष उपस्थिति आयोजन की गरिमा को बढ़ाएगी। उन्होंने बताया कि कथा का समापन पर 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रद्धांजलि एवं भंडारे का आयोजन होगा।